# प्रेस नोट

दिनॉक 14.03.2024

आज दिनॉक 14.03.2024 को पुलिस आयुक्त जोधपुर की अध्यक्षता में यातायात लाईजनिंग ग्रुप (टीएलजी) सदस्यों की बैठक का आयोजन सरदार पटेल सभागार, रिजर्व पुलिस लाईन जोधपुर में किया गया। जिसमें श्री राजेन्द्रसिंह, पुलिस आयुक्त जोधपुर, श्री शरद चौधरी पुलिस उपायुक्त मुख्यालय एवं यातायात, श्री दुर्गाराम चौधरी अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त यातायात, श्री रविन्द्र कुमार बोथरा सहायक पुलिस आयुक्त यातायात पूर्व/पश्चिम, एवं यातायात शाखा में पदस्थापित निरीक्षणगण उपस्थित हुए, बैठक में जोधपुर सिटी बस युनियन, ट्रैम्पो यूनियन, बालवाहिनी योजना के पदाधिकारी, कान्टेक्ट बस सर्विस के पदाधिकारी, स्टेट कैरिज बस युनियन के पदाधिकारी, बीआरटीएस बस युनियन के पदाधिकारी, व्यापारी संघ के पदाधिकारी उपस्थित हुए। बैठक में उपस्थित श्री नवीन सोनी नई सडक व्यापारिक सघं द्वारा अवैध टैक्सी बस स्टैण्डों की समस्या, भीखारियों की समस्या, सिटी बसों सम्बन्धी समस्यों का उल्लेख किया गया। पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा विभिन्न मुददो के समाधान के निर्देश दिये गये, तथा विभिन्न युनियनों के पदाधिकारियों को यातायात नियमों की पालाना करने के निर्देश दिये गये। निर्देशों की पालना में जोधपुर शहर यातायात सम्बन्धी कोई भी समस्या हो तो इसके निराकरण हेतु वाट्सएप ग्रुप बनाया, जिसमें यातायात के समस्त अधिकारी/कर्मचारी जुडे रहेगें, जिनके द्वारा यातायात व्यवस्था सम्बन्धित समस्या पर त्वरित कार्यवाही कर यातायात सम्बन्धी समस्या का तुरन्त निराकरण किया जायेगा।

(रविन्द्र कुमार बोथरा)
सहायक पुलिस आयुक्त
यातायात पूर्व, जोधपुर

पुलिस कमिश्नरेट
जोधपुर